>

Title: Need to give status of Schedule Cast to the refugees in Andaman-Nicobar Island group.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): सभापति महोदय, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारत के विभिन्न प्रान्तों से तथा बंगलादेश से रिफ्यूजीस को द्वीप समूह में लाया गया। उसी मुताबिक तमिलनाडु से पल्लर, पराइया जाति, आंध्र प्रदेश से जलालरू, माबागा, उत्तर प्रदेश से बाल्मीकी, बिहार से कुम्हार, केरल से पुल्लाया, पराया और ईस्ट बंगाल से बिश्वास, मंडल, गोलदा जो शैडयूल्ड कास्ट्स के लोग थे, वे अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में आकर रह रहे हैं और द्वीप विकास में हाथ बंटा रहे हैं। इन जातियों के लोग आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े हुए हैं। ये कुल आबादी के 60 प्रतिशत लोग हैं। इनकी बहुत दिनों से पुरानी मांग चल रही है कि इन्हें शैडयूल्ड कास्ट्स का दर्जा मिले।

जो उदबस्तू रिफ्यूजी बंगलादेश से पश्चिम बंगाल में आये थे, उनको भारत सरकार ने शैडयूल्ड कास्ट्स का दर्जा दिया और नमशूद्रा नाम दिया। इसलिए मैं मांग कर रहा हूं कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, बंगाल, महाराÂष्ट्र आदि राज्यों से जो शैडयूल्ड कास्ट्स के लोग हमारे द्वीप समूह में रहते हैं, उनको वहां भी शैडयूल्ड कास्ट्स का दर्जा दिया जाये।